# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 13.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

**उर्वरक**

केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नकली और घटिया उर्वरकों की आपूर्ति पर तत्काल कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को इस संबंध में एक पत्र लिखा है। कृषि मंत्री ने कहा कि उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना राज्यों का दायित्व है। उन्होंने राज्यों से दोषियों का लाइसेंस रद्द कर प्राथमिकी दर्ज करने को भी कहा है।

**भेंट**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कल शाम नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भेंट की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार–विमर्श किया। विधानसभा अध्यक्ष ने मण्डी ज़िला सहित राज्य के विभिन्न स्थानों पर भूस्खलन व बादल फटने की घटनाओं से भी लोकसभा अध्यक्ष को अवगत करवाया। उन्होंने आपदा से हुए नुकसान के लिए लोकसभा अध्यक्ष से प्रदेश को उदार आर्थिक मदद दिलाने के लिए केन्द्र सरकार के समक्ष पैरवी करने का आग्रह किया।

**अनुराग ठाकुर**

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने आज मण्डी ज़िले के आपदा प्रभावित धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने राहत व पुनर्वास कार्यों को लेकर अधिकारियों को ज़रूरी दिशा–निर्देश दिए। अनुराग ठाकुर ने कहा कि संकट की इस घड़ी में केन्द्र सरकार आपदा प्रभावितों के साथ है और पीड़ितों के पुनर्वास के लिए ज़रूरी कदण्म उठाए जा रहे हैं। सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की चर्चा करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में मंडी ज़िले के विभिन्न क्षेत्रों में इस सेवा के माध्यम से मदद पहुंचाई गई है। अनुराग ठाकुर का कल 14 जुलाई को सराज विधानसभा क्षेत्र का दौरा करने का कार्यक्रम है।

**<u>पर्यटन निगम</u>**

पर्यटन निगम के 14 होटलों को निजी क्षेत्र को देने के फैसले का निगम कर्मचारी संघ ने विरोध किया है। प्रदेश पर्यटन निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष हुकम राम ने कहा कि निगम के ये सभी होटल चलने वाले हैं और यदि इन्हें निजी हाथों में सौंपा जाता है तो पर्यटन निगम बैकफुट पर आ जाएगा। उन्होंने सरकार से इस फैसले पर पुनर्विचार की मांग की है।

**<u>मौसम</u>**

प्रदेश में मॉनसून सक्रिय बना हुआ है। इसके प्रभाव से पिछले 24 घण्टों के दौरान कई क्षेत्रों में व्यापक वर्षा हुई है। भारी बारिश से प्रदेश में सड़क, बिजली और पानी की व्यवस्था प्रभावित हुई है, जिसके चलते सामान्य जनजीवन अस्त–व्यस्त है। मौसम विभाग ने 18 जुलाई तक कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा की चेतावनी जारी करते हुए येलो अलर्ट जारी किया है।

**<u>मणिमहेश यात्रा</u>**

चंबा जिला की विश्व प्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा इस वर्ष आधिकारिक रूप से 16 अगस्त से शुरू होने जा रही है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा कि इस यात्रा को देखते हुए 15 जुलाई से 30 जुलाई तक एक विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत हड़सर से पवित्र डल झील मणिमहेश तक के क्षेत्र में विस्तृत साफ सफाई की जाएगी।

*<u>मणिमहेश यात्रा में लाखों की संख्या में श्रद्धालु हर वर्ष वहां जाते है इस वर्ष बार की हमारी यात्रा 16 अगस्त निर्धारित है तो उसे पहले तो साफ सफाई की व्यवस्था को थोड़ा सुदृढ करने के लिए 15 जुलाई से 30 जुलाई तक जन भागीदार अभियान चलाया जा रहा है सभी श्रद्धालुओं और सभी चम्बा वासियों से निवेदन करूंगा की इसमें अपनी भागीदारी कर हमारे इस प्रयास है को इसे सफल बनाएं।</u>*

..........................................